प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 16.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज गुजरात के भुज पंहुचें उन्होंने वायुसेना स्टेशन पर वायु योद्धाओं से बातचीत कीं इस दौरान उन्होंने कहा कि वायु सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बुलंद हौसलों के साथ पाकिस्तान में आतंकवादी अड्डों पर एयरस्ट्रइक कीं इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं उन्होंने कहा कि वायु सेना की सराहना न सिर्फ भारत में बल्कि पूरे विश्व में हो रही हैं श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए सैनिकों और अन्य दिवंगतों को श्रद्धाजंलि भी दीं उधर बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने कल जम्मू सीमांत क्षेत्र का दौरा किया और ऑपरेशन सिंदूर में अमूल्य योगदान देने के लिए जवानों की सराहना कीं

0000

ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के जवानों के सम्मान में प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही हैं आज शाम कोटा के रामपुरा में तिरंगा यात्रा का आयोजन होगां लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इसमें भाग लेंगें भारतीय सेना के जवानों के सम्मान में राज्य में विभिन्न रेल्वे स्टेशनों को भी तिरंगी रोशनी से सजाया गया हैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से आमलोग भी उत्साहित हैं डूंगरपुर में देव सोमनाथ मंदिर पर विशेष सजावट की गई हैं इसके अलावा पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने जिले के सभी स्मारको को तिरंगी रोशनी से सजाया हैं

0000

गृह मंत्री अमित शाह ने माउंट मकालू के शिखर पर पहुंचने के लिए भारत–तिब्बत सीमा पुलिस–आईटीबीपी को बधाई दी हैं ये दुनिया की पांचवीं सबसे ऊंची पर्वत चोटी हैं गृहमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि आईटीबीपी के जवानों ने माउंट मकालू की चोटी पर तिरंगा फहराया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित होकर स्वच्छता अभियान चलायां इस दौरान खराब मौसम के बीच डेढ सौ किलोग्राम कचरा भी हटाया गयां श्री शाह ने जवानों के साहस और प्रतिबद्धता की भी सराहना कीं

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सिक्किम के स्थापना दिवस पर सभी सिक्किमवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि विविध सांस्कृतिक विरासतों, प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध परंपराओं से सुशोभित सिक्किम निरंतर प्रगति और उन्नति के पथ पर अग्रसर रहें गौरतलब है कि आज सिक्किम के राज्य बनने की 50वीं वर्षगांठ हैं

00000

पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि राज्य सरकार ग्रामीण परिवेश को स्वच्छ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में साफ–सफाई के लिए टेंडर किये जा रहे हैं वे जयपुर स्थित इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की योजनाओं को लेकर प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थें श्री दिलावर ने कहा कि नियमित सफाई के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक लाख रुपये हर महीने दिये जा रहे हैं उन्होंने बताया कि सफाई कार्य के वास्ते अकुशल श्रमिकों के लिए 285 रुपये, अर्द्ध कुशल श्रमिकों के लिए 297 रुपये तथा कुशल श्रमिकों के लिए 309 रुपये न्यूनतम मजदूरी दर प्रतिदिन का मानदेय निर्धारित किया गया हैं छुट्टी के दिन और अतिरिक्त समय के लिए अलग से भुगतान किया जाएगां उन्होंने बताया कि श्रमिक द्वारा 8 घण्टे से अधिक कार्य करने पर दुगुनी दरें तथा 8 घण्टे से कम कार्य करने पर नियमानुसार भुगतान किया जाएगां

00000

आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस हैं इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों में डेंगू बुखार के साथ–साथ अन्य वैक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढाना हैं इस वर्ष की थीम है **देखें, साफ करें, ढकें–डेंगू को हराने के उपाय करें** इस अवसर पर राज्य में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगां सभी जिलों में विद्यार्थियों, कर्मचारियों और जन–समुदाय को पोस्टर, नारा लेखन, पेम्पलेट तथा सोशल मीडिया के माध्यम से जागरुक किया जा रहा हैं

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने पीटीआई और संस्कृत कॉलेज शिक्षा विभाग में लाइब्रेरियन प्रतियोगी परीक्षा 2024 की मॉडल उत्तरकुंजियां जारी कर दी हैं ये परीक्षाएं तीन, पांच और छह मई 2025 को आयोजित की गई थीं अभ्यर्थी इन उत्तरकुंजियों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं अभ्यर्थियों को यदि किसी प्रश्न के उत्तर को लेकर कोई आपत्ति है, तो वे 17 से 19 मई 2025 की रात 12 बजे तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कर सकते हैं

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगीं

00000